शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

बिहार शिक्षा परियोजना
(समग्र शिक्षा अभियान), मुजफ्फरपुर

पत्रांक KGBV/65/बि.शि.परि.,मुज0 दिनांक 11.01.2024

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जन संपर्क विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः— **निविदा प्रकाशन के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि बिहार शिक्षा परियोजना, मुजफ्फरपुर द्वारा संचालित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय (आवासीय) में अध्ययनरत छात्राओं हेतु पोशाक, गणावेश तथा अन्य आवश्यक सामग्री के क्रय हेतु निविदा का प्रारूप तैयार किया गया है, जिसकी सॉफ्ट कॉपी संलग्न करते हुए अनुरोध है कि "हिन्दुस्तान" एवं "दैनिक जागरण" समाचार पत्रों में सभी प्रविष्टि सहित शीघ्र प्रकाशित करने की कृपा की जाए।

अनुलग्नक—यथोक्त।

विश्वासभाजन,

11/1/24

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
मुजफ्फरपुर।

उप विकास आयुक्त,
अध्यक्ष,
के0जी0बी0भी0 क्रय समिति
मुजफ्फरपुर।

शिक्षा–विभाग

कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर

बिहार शिक्षा परियोजना, मुजफ्फरपुर

(अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना)

बिहार शिक्षा परियोजना, मुजफ्फरपुर अन्तर्गत कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में सामग्रियों के क्रय हेतु कुल 16 कस्तूरबा गाँधी बालिका में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए पैकेज सं0–04 (पोशाक एवं गणावेश) एवं पैकेज सं0–06 (इलेक्ट्रॉनिक एवं अन्य आवश्यक सामग्री) की आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्त्ता/थोक दुकानदारों से मुहरबंद लिफाफे में जिला स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता तकनिकी एवं वित्तीय निविदा 22.01.2024 के अपराह्न 5.00 बजे तक जिला स्तरीय कार्यालय, बिहार शिक्षा परियोजना, मुजफ्फरपुर, "शिक्षा भवन" हाथी चौक के निकट, मुजफ्फरपुर–842002 के पते पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से जमा कर सकते है। ससमय प्राप्त निविदा को दिनांक–23.01.2024 के अपराह्न 03:00 बजे उप विकास आयुक्त, मुजफ्फरपुर कार्यालय में खोली जायेगी, जिसमें निविदादाता/प्राधिकृत प्रतिनिधि का उपस्थित होना आवश्यक होगा। उपरोक्त सामग्री हेतु अलग–अलग कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के लिए अलग–अलग निविदा जमा करनी होगी। तकनीकि एवं वित्तीय निविदा की शर्तें, अन्य शर्तें बिहार शिक्षा परियोजना, मुजफ्फरपुर के वेबसाईट www.bepmuzaffarpur.org एवं NIC मुजफ्फरपुर के वेबसाइट www.muzaffarpur.nic.in पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, –सह–सदस्य सचिव, के.जी.बी.भी. जिला स्तरीय क्रय समिति मुजफ्फरपुर	जिला शिक्षा पदाधिकारी, –सह–सदस्य, के.जी.बी.भी. जिला स्तरीय क्रय समिति मुजफ्फरपुर	उप विकास आयुक्त, अध्यक्ष, के.जी.बी.भी. जिला स्तरीय क्रय समिति मुजफ्फरपुर।